**दिनांक : 23.04.2026** **समय : 1905**

- **राजधानी श्री विजयपुरम के राज्य पुस्ताकालय में तीन दिवसीय वि”व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस–2026 का आज भाुभारंभ हुआ।**
- **डिगलीपुर और कार निकोबार में स्वास्थ्य एवं बाल विकास को बढ़ावा देने के उद्दे”य से आयोजित हुए पोशण पखवाड़ा का हुआ समापन।**
- **महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में ई–नीलामी में खरीदी गई सामग्री हटाने को लेकर फर्म को अंतिम नोटिस जारी किया।**
- **वि”ााखापट्टन यात्रा के लिए एम वी स्वराज द्वीप के आरक्षित कोटे के बचे टिकट कल से आम जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे।**

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित राज्य पुस्तकालय में “विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस–2026” के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आज हुआ। यह आयोजन 25 अप्रैल तक मिडिल प्वाइंट स्थित राज्य पुस्तकालय परिसर में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में राज्य पुस्तकालय की प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी अर्चना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी तथा स्कूली छात्र–छात्राएं भी मौजूद थे। कार्यक्रम के तहत लगभग 702 पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें उपन्यास, बाल साहित्य, व्यक्तित्व विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, जीवनी, पाक कला, पौराणिक कथाएं, फैंटेसी, विज्ञान कथा तथा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के इतिहास से संबंधित पुस्तकें शामिल हैं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने पढ़ने की आदत विकसित करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पुस्तकालय ज्ञान के केंद्र और सामुदायिक संसाधन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों और आम जनता से प्रदर्शनी का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा ‘रीड एंड रिटेल’, बुकमार्क मेकिंग और वाद–विवाद जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

<><><><><><><>

एकीकृत बाल विकास सेवाएं परियोजना, डिगलीपुर द्वारा आज पोषण पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं, बच्चों एवं समुदाय में पोषण जागरूकता और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित पखवाड़ा भर की गतिविधियों का समापन था। पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में जागरूकता अभियान, वृद्धि निगरानी सत्र, घर–घर संपर्क, पोषण प्रदर्शन तथा सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिशु एवं बाल आहार प्रथाओं में सुधार, अनीमिया की रोकथाम तथा स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। डिगलीपुर प्रशासनिक भवन में आयोजित समापन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सीडीपीओ इंदिरा देवी ने स्वागत भाषण देते हुए समग्र पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा विभागीय समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. सिपरा मिस्त्री ने कुपोषण, अनीमिया एवं दुर्बलता को कम करने हेतु जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि एम राजेन्द्र कुमार, खंड विकास अधिकारी ने सामुदायिक भागीदारी और विभागीय समन्वय को महत्वपूर्ण बताया।

<><><><><><><>

8वें पोषण पखवाड़ा का समापन समारोह आज कार निकोबार के सामुदायिक भवन, पेरका में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समेकित बाल विकास सेवाएं, जनजातीय परियोजना, कार निकोबार द्वारा किया गया। यह पखवाड़ा 9 अप्रैल से जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में चलाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के.पद्म कुमार, विशेष प्रतिवेदक, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. नवीन कुमार, सहायक आयुक्त उपस्थित रहे। इस दौरान जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, अनीमिया जांच, पोषण मेले, रैलियां, ‘नन्हे कलाकार’ कार्यक्रम और खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गईं। गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्य अतिथि ने पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास के महत्व पर जोर देते हुए आई सी डी एस टीम के प्रयासों की सराहना की, वहीं विशिष्ट अतिथि ने भी कार्यक्रम की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। सीडीपीओ शीला कर ने स्वागत भाषण दिया, समारोह में प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा तथा खाद्य स्टॉल प्रदर्शित किए गए। गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण किट तथा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के तहत नवजात बालिकाओं को शिशु किट वितरित किए गए।

<><><><><><><>

महत्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय प्रशासन ने ई–नीलामी के तहत खरीदी गई सामग्री को तत्काल हटाने के संबंध में मेशर्स एसपीआई ग्रीनटेक एलएलपी, तिरुवल्लूर (तमिलनाडु) को अंतिम नोटिस जारी किया है। यह ई–नीलामी मेशर्स टी सी पोर्टल के माध्यम से 3 जनवरी 2024 को आयोजित की गई थी। नोटिस के अनुसार, निर्देश दिया गया है कि वह महाविद्यालय परिसर से नीलाम की गई सामग्री को तत्काल उठाकर ले जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नोटिस जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर सामग्री नहीं हटाए जाने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा प्रचलित सरकारी नियमों के तहत इन वस्तुओं का निपटान कर दिया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने यह भी कहा है कि निर्धारित समयसीमा के बाद सामग्री के नुकसान या क्षति के लिए संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः संबंधित फर्म को समय रहते आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप की 25 अप्रैल को विशाखापत्तनम के लिए निर्धारित यात्रा हेतु आरक्षित कोटे से बचे हुए या समर्पित (सरेंडर किए गए) टिकट, आम जनता के लिए कल दोपहर 3 बजे से उपलब्ध कराए जाएंगे। जहाजरानी सेवा निदेशानलय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, ये टिकट जनता के लिए ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यमों से बुक किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, विशेष सुरक्षा बल तथा असम राइफल्स में राइफलमैन (जीडी) पदों के लिए भर्ती परीक्षा–2026 आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 27 अप्रैल से विभिन्न चरणों में संपन्न होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा 27 अप्रैल से 2 मई, 4 मई से 9 मई, 18 मई से 23 मई तथा 25 मई से 30 मई तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के ई–प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से 3 से 4 दिन पूर्व आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार कयाकिंग और केनोइंग संघ द्वारा 2 और 3 मई को श्री विजयपुरम में कयाकिंग एवं कैनोइंग के चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल्स का उद्देश्य द्वीपसमूह के उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना है, जो आगामी छत्तीसवीं नेशनल कैनो स्प्रिंट जूनियर एवं सब–जूनियर पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में 12 से 14 जून के बीच आयोजित की जाएगी, जिसमें चयनित खिलाड़ी द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी, टीमें एवं संस्थान गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन लिंक प्राप्त करने के लिए व्हाट्सएप नम्बर 9679–525–733 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम द्वारा कल सायं साढ़े पांच बजे से 6 बजे तक 'हेलो डॉक्टर' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस विशेष लाइव फोन–इन कार्यक्रम का विषय "थायरॉयड – लक्षण एवं उपचार" रहेगा। कार्यक्रम में स्टूडियो विशेषज्ञ के रूप में प्रख्यात ईएनटी, हेड, नेक एवं स्कल बेस सर्जन डॉ इरफान अहमद निवास उपस्थित रहेंगे, जो दर्शकों के प्रश्नों के उत्तर देंगे और थायरॉयड से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से जानकारी देंगे। दर्शक इस लाइव फोन–इन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रसारण के दौरान फोन नंबर 244–745 या 245–662 पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><><>